प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

ऑटो कैड डिजिटल डिजाइनिग की 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला प्रारंभ

पन्तनगर। 04 दिसम्बर 2023। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान विभाग में छः–दिवसीय ऑटो कैड डिजिटल डिजाइन प्रशिक्षण का आयोजन, थीसिस टेक्नोलॉजी कैड रुद्रपुर के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री मयंक श्रीवास्तव एवं उनकी टीम के सहयोग से किया जा रहा है। महाविद्यालय के तृतीय वर्ष के 49 स्नातक एवं 10 स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को ओटो कैड डिजाइनिंग के द्वारा 2–डी, 3डी एवं आईसोमीट्रीक ड्रॉइंग, जिनका प्रयोग इंटीरियर डिजाइनिंग में किया जाता है, का प्रशिक्षण सम्मिलित है। इस छ:–दिवसीय प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों में ऑटोकैड के बेसिक कमांड्स की समझ एवं उसके व्यावहारिक प्रयोग का प्रशिक्षण देकर उनमें ऑटो कैड के कौशल को विकसित किया जाएगा, जिसके फलस्वरुप वे भविष्य में ऑटोकैड डिजाइनिंग को अपने करियर के रूप में चुन सकेंगे। वर्तमान परिपेक्ष में ऑटोकैड उद्यमिता के लिए भी एक बहुत लाभकारी विषय के रूप में है जो विद्यार्थियों में उद्यमिता पारक दृष्टिकोण विकसित कर उन्हें स्वावलंबी बनने में सहायक सिद्ध होगा। इस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन नाहेप, पन्तनगर के वित्तीय सहयोग से किया जा रहा है। कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय की अधिष्ठात्री डा. अलका गोयल के निर्देशन में किया जा रहा है। आयोजक समिति में डा. अदिति वत्स, डा. सीमा क्वात्रा, डा. छाया शुक्ला, श्री टी.ए. खस्तगीर, डा. दिव्या सिंह एवं डा. संध्या रानी सम्मिलित हैं।

कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त करते विद्यार्थी।

निदेशक संचार